EDII Convocation : उद्यमिता को करियर विकल्प के रूप में बढ़ावा देने की जरूरत: आनंदीबेन पटेल

Rajasthan Patrika | अहमदाबाद | Published: June 10, 2022 10:03:48 pm

===

EDII Convocation : Entrepreneurship should promote as a career option: Anandiben ईडीआईआई का 21वां दीक्षांत समारोह

अहमदाबाद. उत्तरप्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि उद्यमिता को स्वाभाविक करियर विकल्प के रूप में बढ़ावा दिए जाने की जरूरत है। देश अपने विकास में उद्यमी के महत्व को समझता है। उसका समर्थन करता है। आज उद्यमिता के अनुकूल नीतियां और संपूर्ण रूप से सहायक वातावरण भी मौजूद है। उन्होंने यह बात भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान EDII के 21वें Convocation समारोह को मुख्य अतिथि पद से संबोधित करते हुए कही। राज्यपाल आनंदीबेन ने कहा कि लखनऊ के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति के रूप में वे युवाओं को नवाचारों, उद्यमिता और स्टार्ट-अप के महत्व से परिचित कराने की कोशिश कर रही हैं। उन्होंने ईडीआईआई के पाठ्क्रम और शिक्षापद्धति की तारीफ करते हुए कहा कि संस्थान के 78 प्रतिशत पूर्व छात्र व्यवसाय में हैं। दीक्षांत समारोह में संस्थान के 147 विद्यार्थियों को डिप्लोमा और फेलो से सम्मानित किया गया। राज्यपाल ने उपाधि प्राप्त छात्रों को शैक्षिक पदक से भी सम्मानित किया।

The Entrepreneurship Development Institute of India के प्रेसिडेंट और आईडीबीआई बैंक लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी राकेश शर्मा ने कहा कि ईडीआईआई के छात्रों ने कपड़ा, सिरेमिक, आईटीईएस, खाद्य प्रसंस्करण, रसद, रसायन, आतिथ्य और कई अन्य विविध उभरते क्षेत्रों में अपनी पहचान बनाई है। The Entrepreneurship Development Institute of India के महानिदेशक डॉ सुनील शुक्ला ने कहा कि देश को ऐसे प्रशिक्षित उद्यमियों की आवश्यकता है जो आने वाले क्षेत्रों में उत्साहपूर्वक नए उद्यम निर्माण को आगे बढ़ाने के इच्छुक हों। आज की नीतियां और परिवेश उद्यमिता के लिहाज से काफी अनुकूल हैं। इस मौके पर बड़ी संख्या में विद्यार्थी, प्राध्यापक उपस्थित रहे।

EDII 21st Convocation : उद्यमिता को करियर विकल्प के रूप में बढ़ावा देने की जरूरत: आनंदीबेन पटेल

https://www.patrika.com/ahmedabad-news/edii-convocation-entrepreneurship-should-promote-as-a-career-option-7585858/